**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to ensure time bound investigation of bank frauds by Enforcement Directorate.

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** पिछले सालों में कई सारे बैंक घोटाले उजागर हुए हैं जबकि इन बैंकों में जब भी घोटाले सामने आते हैं तब से बैंक से पैसे निकालने पर रोक लग जाती है जबकि इन बैंको में नौकरीपेशा, आम आदमी, किसान और अन्य लोगो का पैसा डिपाजिट रहता है और जब बैंक संचालक बैक के माध्यम से ग्राहकों और बैंक के साथ धोखाधड़ी करते हैं तो केंद्र सरकार द्वारा ई डी (E D) की कार्रवाई होती है, और ई डी (E D) द्वारा इसकी कई सालों तक जांच और कार्रवाई चलती है मेरे संज्ञान में अब तक ई डी (E D) के द्वारा की गई कार्रवाई में केवल दो या तीन वित्तीय संस्थानों और इससे जुड़े लोगो पर आरोप सिध्द हुए हैं जबकि अन्य बैंक घोटालों पर कई सालों से ई डी (E D) की कार्रवाई चलती आ रही है|

मेरे चुनाव क्षेत्र में पेन अर्बन बैंक घोटाला हुआ है, जबकि पेन अर्बन बैंक में डिपाजिट के तौर पर गरीब किसानो, ग्रामीणों, आम आदमी और नौकरीपेशा के पैसे जमा हैं, इसमें से डिपाजिट करने वाले कई लोग गुजर चुके हैं, लेकिन उनको न्याय नहीं मिला|

मेरी सरकार से मांग है कि सरकार से मांग है कि ई डी (E D) द्वारा बैंको तथा इससे जुड़े लोगो पर कार्रवाई होती है, उसकी जांच जल्दी से होनी चाहिए तथा आम लोगों का उनके जमा पैसा जल्दी से जल्दी देने की व्यवस्था की जाय|